# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार का उद्यम)**

**निगम कार्यालय : गच्चीबाउली, हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-सीसी/एमआर/04 दि. 15 मई, 2026

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**माननीय रक्षामंत्री ने आंध्र प्रदेश के टी. सिरसापल्ली में**

**<u>बी डी एल की नई नौसेना प्रणाली विनिर्माण सुविधा की आधारशिला रखी</u>**







माननीय रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह ने आज आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले के टी. सिरसापल्ली गांव में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) की नई उत्कृष्ट नौसना प्रणाली विनिर्माण सुविधा की आधारशिला रखी।

भविष्य में आनेवाली यह सुविधा भारत की स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत बनाने तथा सामरिक रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाने में एक अहम मील का पत्थर होगी।

वर्ष 1970 में रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित बीडीएल, रक्षा उपकरण बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है और साथ ही, सामरिक व तकनीकी अस्त्र प्रणाली के लिए डीआरडीओ की एक विशेष उत्पादन भागीदार भी है। कंपनी, 'आकाश', 'अस्त्र' और मध्यम दूरी के सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल जैसी उत्कृष्ट मिसाइल प्रणालियाँ, एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल के सहित अंतर्जल अस्त्र-प्रणालियाँ जैसे भारी टॉरपीडो वरुणास्त्र, हल्के भारवाली  टॉरपीडो टॉल, सी-303 डिकॉय, लाँचर जैसी भी बनाती है।

यह नयी विनिर्माण सुविधा उत्कृष्ट अंतर्जल अस्त्र प्रणाली और नेवल कॉम्बैट सिस्टम की बढ़ती भारतीय नौसेना की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए बनायी जा रही है। लगभग 160 एकड़ में फैली इस सुविधा में उत्कृष्ट विनिर्माण एवं संयोजन अवसंरचना, एकीकरण भवन, विस्फोटक सार-सँभाल तथा भंडारण सुविधा, परीक्षण विनिर्माण जिसमें ध्वनिक टैंक सुविधा, प्रशासनिक भवन और एक पूरा ग्रीन बेल्ट भी शामिल होंगे।

इस परियोजना से बीडीएल की उत्पादन क्षमता में काफी बढ़ोतरी होने के साथ-साथ कई परियोजनाओं को एक साथ पूरा करने और विशाखापट्टणम क्षेत्र में मौजूद डीआरडीओ प्रयोगशाला तथा भारतीय नौसेना संस्थापनों के साथ सहयोग मजबूत होने की उम्मीद है। यह सुविधा मुख्य रूप से अंतर्जल अस्त्र प्रणाली, टॉरपीडो, माइंस और तत्संबंधी नौसेना प्रणालियों को प्राथमिकता देगी।

यह सुविधा लगभग 480 करोड़ रुपये के अनुमानित लागत से बनायी जा रही है और लगभग चार साल में इसके तैयार हो जाने की संभावना है। राष्ट्रीय सुरक्षा को मज़बूत करने के साथ-साथ, इस परियोजना से लगभग 3000 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोज़गार के अवसर मिलने और स्थानीय एम एस एम ई तथा सहायक उद्योगों को बढ़ावा देकर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था विकास को भी तेज़ी मिलने की उम्मीद है।

टी. सिरसापल्ली में बनने जा रही यह नयी नौसेना प्रणाली विनिर्माण सुविधा बीडीएल की क्षमताओं का एक बड़ा सामरिक विस्तार है। यह नई सुविधा भारत के **अंतर्जल युद्ध प्रणाली** एवं दीर्घावधि रक्षा तैयारियों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी।

**---XXX---**